Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 152 रायपुर, गुरुवार 26 जून 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 15 जुलाई से दो पहिया वाहनों के लिए भी टोल टैक्स अनिवार्य




**नई दिल्ली,** 26 जून (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले दोपहिया वाहन चालकों के लिए एक बड़ा बदलाव होने वाला है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 15 जुलाई 2025 से टू व्हीलर्स के लिए टोल टैक्स अनिवार्य करने की घोषणा की है। अभी तक दोपहिया वाहनों को टोल टैक्स से छूट मिली हुई थी, लेकिन अब यह नियम बदलने जा रहा है।

### भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का नया नियम लागू, फास्टैग जरूरी

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नए प्रावधानों के अनुसार, अब दोपहिया वाहनों को भी नेशनल हाईवे पर चलने के लिए टोल टैक्स देना होगा, और यह भुगतान फास्टैग के माध्यम से करना अनिवार्य होगा। दोपहिया वाहन चालकों को अब हर उस टोल प्लाजा पर टोल देना होगा, जहां नियम लागू होंगे। अब तक जब कोई नया टू व्हीलर खरीदा जाता था, तो उसके पंजीकरण के समय ही टोल टैक्स की अनुमानित राशि एकमुश्त वसूल ली जाती थी। इसी वजह से टोल प्लाजा पर इन्हें अलग से शुल्क नहीं देना पड़ता था। लेकिन अब केंद्र सरकार ने इस पुराने प्रावधान को समाप्त करते हुए सीधे टोल प्लाजा पर शुल्क वसूलने का निर्णय लिया है। नए नियमों के तहत, हर दोपहिया वाहन को फास्टैग लगाना अनिवार्य होगा। जो वाहन चालक टोल चुकाने से बचने की कोशिश करेंगे, या फास्टैग का उपयोग नहीं करेंगे, उन्हें 2,000 तक का जुर्माना देना पड़ सकता है।

## हाईवे किनारे शराब दुकानों, ढाबों के बाहर खड़ी गाड़ियों से हो रहे हादसे : हाईकोर्ट

### जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई



**बिलासपुर,** 26 जून (हाईवे चैनल)। प्रदेश में लगातार बढ़ते सड़क हादसों पर हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने बुधवार को जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईवे के किनारे चल रही शराब दुकानों, ढाबों और खुले में फ्लाई ऐश ढो रहे डंपरों को हादसों की बड़ी वजह मानते हुए राज्य सरकार, एनटीपीसी और एसईसीएल से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने कहा कि सड़कें सिर्फ परिवहन का साधन नहीं, बल्कि नागरिकों की जान की सुरक्षा से जुड़ी है। हादसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

सड़क हादसों को लेकर पिछले साल हाईकोर्ट ने खबरों पर संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई शुरू की थी। एडवोकेट रवींद्र शर्मा को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था। उन्होंने पिछली सुनवाई में विस्तृत रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें बताया गया था कि मुंगेली जिले के सरगांव में नगर पंचायत कार्यालय के पास ब्लैक स्पॉट है, यहां हाईवे से सटी शराब दुकान संचालित हो रही है। यह राज्य सरकार के नियमों के खिलाफ है, जिसमें हाईवे से 500 मीटर के दायरे में शराब दुकान प्रतिबंधित है। उसी क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बरम देव ढाबा संचालित किया जा रहा है। ढाबे के सामने वाहन पार्किंग के कारण सड़क पर अव्यवस्था फैली हुई है, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है।

कोर्ट को दी गई जानकारी के अनुसार कोरबा जिले में सड़क हादसों में 25.44 प्रतिशत और सरगुजा जिले में 42.25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ये दोनों इलाके कोयला उत्पादक क्षेत्र हैं, जहां बड़ी संख्या में डंपर चलते हैं। इसके अलावा कोर्ट कमिश्नर ने बताया कि कई लोग मालवाहक वाहनों से यात्रियों को ढो रहे हैं, जिससे जान का खतरा बढ़ता है। वहीं स्ट्रीट लाइट की कमी और आवारा मवेशियों के कारण भी दुर्घटनाएं हो रही हैं। एनएचएआई की तरफ से बताया गया कि बिलासपुर-पथरापाली सेक्शन में 17.95 करोड़ रुपए की लागत से पांच जगह फुट ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। ये एफओबी तुर्काडीह, सेंदरी, मदनपुर, मेलनाडीह-कर्रा और बेलतरा में बनेंगे। इन स्थानों पर क्रैश बैरियर लगे हैं, लेकिन लोग जान जोखिम में डालकर सड़क पार करते हैं। हाई कोर्ट ने कोर्ट

## ब्रेकिंग न्यूज

### पैरासिटामोल-650 एमजी समेत 15 दवाओं के इस्तेमाल पर बैन

**नई दिल्ली,** 26 जून (न्यूज चैनल)। कर्नाटक में स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर बड़ा अलर्ट जारी हुआ है। राज्य की औषधि परीक्षण प्रयोगशाला की ताजा रिपोर्ट में 14 अलग-अलग कंपनियों की दवाएं गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतर पाईं। राज्य सरकार ने तुरंत इन दवाओं की बिक्री, उपयोग और भंडारण पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। राज्य के खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने यह चेतावनी फार्मेसियों, थोक विक्रेताओं, चिकित्सकों, अस्पतालों और नर्सिंग होम्स को दी है। विभाग ने सभी संबंधित संस्थानों से कहा है कि अगर उनके पास इन संदिग्ध दवाओं का स्टॉक है, तो उसे तुरंत निकटतम औषधि निरीक्षक या सहायक औषधि नियंत्रक को रिपोर्ट करें। घटिया पाई गई दवाओं में अल्ट्रा लैबोरेट्रीज की कम्पाउंड सोडियम लैक्टेट इंजेक्शन (बैच नं केआई 124110), टैम ब्रान फार्मास्यूटिकल्स का इंजेक्शन सॉल्यूशन, अबान फार्मास्यूटिकल्स की पोमोल-650 (पैरासिटामोल टैबलेट 650द्वद्द) (बैच नं 13-4536) और बायोन थेराप्यूटिक्स इंडिया का एमआईटीओ क्यू-7 सिरप (बैच नं. सीएचएस- 40170) प्रमुख रूप से शामिल हैं। सरकार ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे इन ब्रांडों की दवाओं का सेवन न करें और अगर उनके पास ऐसी कोई दवा है तो उसे तुरंत वापस करें या संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि लोगों की सेहत से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और दोषी कंपनियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### महाराष्ट्र-हरियाणा चुनाव पर कांग्रेस की चिट्ठी, चुनाव आयोग से मांगी मतदाता सूची

**नई दिल्ली,** 26 जून (न्यूज चैनल)। कांग्रेस ने अपने पत्र में साफ कहा है कि महाराष्ट्र और हरियाणा की वोटर लिस्ट की डिजिटल और मशीन-रीडेबल कॉपी एक हफ्ते के भीतर उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा, मतदान दिवस की वीडियो रिकॉर्डिंग भी साझा की जाए। कांग्रेस ने इसे अपनी लंबे समय से चली आ रही मांग बताया है और कहा है कि चुनाव आयोग के लिए इसे पूरा करना कोई कठिन काम नहीं है। कांग्रेस का कहना है कि यह मांग कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से पार्टी इस पर जोर देती रही है। चिट्ठी में लिखा गया है कि यह चुनाव आयोग के लिए एक आसान प्रक्रिया होनी चाहिए, जिससे न सिर्फ राजनीतिक दलों का विश्वास बढ़ेगा, बल्कि जनता में भी चुनावी प्रक्रिया को लेकर भरोसा कायम रहेगा।




**चूहा- सुनती हो, शशि थरूर कह रहे हैं कि मैं भाजपा में नहीं जाऊंगा।**
**चुहिया- हां जी, लेकिन आजकल तो वो पीएम मोदी का ही सुन रहे हैं।**

## निलंबित आईएएस रानू साहू दिल्ली, सौम्या बैंगलुरु और समीर कानपुर से पेशी में आए



### एसीबी-ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में हुई सुनवाई

**रायपुर,** 26 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के चर्चित 570 कोरोड़ के कोयला घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद पहली बार बुधवार को निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, सौम्या चौरसिया सहित अन्य आरोपी एसीबी-ईओडब्ल्यू की विशेष कोर्ट में पेश हुए. इस दौरान उन्होंने ईओडब्ल्यू के विशेष न्यायाधीश को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश अनुसार सभी छत्तीसगढ़ से बाहर दूसरे राज्य में रहते हैं. रानू ने बताया कि वह दिल्ली में अपने भाई के घर रह रही. समीर अपने रिश्तेदार के यहां कानपुर और सौम्या भाई के साथ बैंगलुरु में रहती है.

सुनवाई में उपस्थिति दर्ज कराने के बाद सभी ने आदेश पत्रक पर हस्ताक्षर किया. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए सभी को 23 जुलाई को फिर से कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया. बता दें कि कोयला लेवी घोटाला मामले में सूर्यकांत तिवारी को अभी जमानत नहीं मिली है. विशेष कारणों से आरोपी सूर्यकांत कोर्ट में पेश नहीं हुए थे. ईओडब्ल्यू में दर्ज दूसरे मामलों में आरोपी होने के कारण आरोपियों को कोर्ट में उपस्थित होना पड़ रहा है. सभी के पासपोर्ट विशेष अदालतों में जमा है. यह निर्देश दिए गए हैं कि वे अगले आदेश तक छत्तीसगढ़ राज्य में नहीं रहेंगे. आवश्यकतानुसार जांच एजेंसी या ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित होना होगा. आरोपियों को जांच एजेंसियों को पूरा सहयोग करना होगा. कोयला लेवी घोटाले में आरोपी सौम्या चौरसिया, रानू साहू, समीर विश्नोई को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त जमानत दे दी है. इस मामले में सूर्यकांत तिवारी को अभी जमानत नहीं मिली है.

## 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले- नवा रायपुर से लेकर नारायणपुर तक मिली अफसरों को नई जिम्मेदारी



### प्रभात कुमार और विकास कुमार को विशेष आसूचना शाखा, पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी

**रायपुर,** 26 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में देर रात राज्य सरकार ने 9 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। गृह विभाग द्वारा रविवार को जारी आदेश के अनुसार, प्रभात कुमार और विकास कुमार को विशेष आसूचना शाखा, पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर में पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इससे राज्य की इंटेलिजेंस विंग को और मजबूत किया जाना तय माना जा रहा है।

मयंक गुर्जर को 15वीं वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल बीजापुर का सेनानी बनाया गया है। वहीं, संदीप कुमार पटेल को 16वीं वाहिनी, नारायणपुर में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजनला स्मृतिक को एसटीएफ बघेरा (दुर्ग) का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है, जो राज्य में नक्सल विरोधी अभियान में रणनीतिक भूमिका निभा सकता है। रॉबिन्सन गुरिया को नारायणपुर का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है, वहीं चिराग जैन को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-चौकी बनाया गया है। यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित माना जाता है, ऐसे में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। वहीं पूजा कुमारको पुलिस अधीक्षक (रेडियो) बिलासपुर बनाया गया है। जबकि उमेश प्रसाद गुप्ता को सेनानी, 14वीं वाहिनी, छस बल धनोरा (बालोद) की जिम्मेदारी दी गई है।

## एक ही परिवार के 2 बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

**अंबिकापुर,** 26 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा में 2 मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई. कल देर शाम दोनों बच्चे दोस्तों के साथ खेलने के लिए अपने घर से निकले थे. इसके बाद वे अपनी सायकल धोने तालाब में उतरे थे. इसी दौरान वे हादसे के शिकार हो गए. इधर दोनों बच्चों के परिजन उनके घर न लौटने से रातभर परेशान रहे और उसे ढूंढते रहे. वहीं आज सुबह दोनों बच्चों के शव को तालाब से बरामद किया गया.

जानकारी के मुताबिक, मृत बच्चों की पहचान 9 वर्षीय आरव अग्रवाल और 7 वर्षीय अंश अग्रवाल है. मासूम बच्चों की मौत के बाद दोनों परिवार में मातम पसर गया है. यह पूरी घटना केरजू पुलिस चौकी क्षेत्र की है. सूचना पर पहुंची पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

## मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

**नारायणपुर,** 26 जून (हाईवे चैनल)। बस्तर में सुरक्षा बलों को फिर बड़ी सफलता मिली है. अबूझमाड़ के जंगलों में चल रही मुठभेड़ में जवानों ने दो महिला नक्सलियों को ढेर किया है. मौके से इंसास राइफल समेत भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की गई है. ऑपरेशन अभी भी जारी है. नारायणपुर के कोहकामेटा थाना क्षेत्र में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है. माड़ डिविजन के नक्सलियों के खिलाफ यह ऑपरेशन चल रहा है, जिसमें डीआरजी नारायणपुर, कोंडागांव और एसटीएफ के जवान शामिल हैं.



### अबूझमाड़ के जंगल में ऑपरेशन जारी

## टेंपो-ट्रेवलर नदी में गिरा, एक ही परिवार 17 लोग थे सवार, दो की मौत, कई लापता

**नई दिल्ली,** 26 जून (न्यूज चैनल)। रुद्रप्रयाग जनपद में आज गुरुवार सुबह ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर घोलतीर के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बदरीनाथ दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों का एक टेंपो-ट्रेवलर अनियंत्रित होकर सीधे अलकनंदा नदी में जा गिरा। वाहन में चालक सहित 19 लोग सवार थे। 17 लोग एक परिवार के थे। हादसे की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। राजस्थान के उदयपुर से एक परिवार के 17 लोग इस वाहन चारधाम यात्रा पर निकले थे। जो केदारनाथ दर्शन के बाद आज सुबह बदरीनाथ दर्शन के लिए निकले थे। हादसे की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। तीन गंभीर घायलों को एयर लिफ्ट किया गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि अब तक नौ लोगों को रेस्क्यू किया गया है, जिनमें दो की मौत हो चुकी है।

## भारतमाला परियोजना में घोटाले को लेकर एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर,** 26 जून (हाईवे चैनल)। भारतमाला परियोजना में अनियमितताओं का सिलसिला जारी है. अबकी बार बिलासपुर जिले में परियोजना में मिली अनियमितता पर तत्कालीन तहसीलदार और पटवारी के खिलाफ तोरवा थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है.

जानकारी के अनुसार, भारतमाला परियोजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग 130 ए (बिलासपुर-उरगा) मुख्य मार्ग तहसील बिलासपुर के अंतर्गत ग्राम ढेंका में भू-अर्जन की कार्रवाई में अनियमितता की शिकायत हुई थी. मुआवजा राशि वितरण में अनियमितता की जिला स्तरीय समिति की जांच में पुष्टि हुई. एसडीएम के निर्देश पर वर्तमान तहसीलदार राहुल शर्मा द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन तहसीलदार डीके उईके और पटवारी सुरेश कुमार मिश्रा के खिलाफ धारा 34, 420, 467, 468, 471 के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## चीन-पाकिस्तान की मिलीभगत, राजनाथ सिंह ने एससीओ में नहीं किए हस्ताक्षर



**नई दिल्ली,** 26 जून (न्यूज चैनल)। चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने एक बार फिर आतंकवाद के मुद्दे पर अपना सख्त रुख साफ कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साझा बयान पर साइन करने से इनकार कर दिया क्योंकि इसमें हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र तक नहीं था, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। नतीजतन, एससीओ सम्मेलन के बाद कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया।

सूत्रों के मुताबिक, चीन जो इस बार एससीओ का अध्यक्ष है और उसका सबसे पक्का दोस्त पाकिस्तान, दोनों ने मिलकर स्ट्ह्ल के दस्तावेज में आतंकवाद पर फोकस कम करने की कोशिश की। लेकिन भारत ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए अपने पक्ष से कोई समझौता नहीं किया। खासतौर पर कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले को लेकर भारत ने यह साफ कर दिया कि आतंकवाद पर कोई नरमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना उस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ देश अपनी नीतियों में सीमा पार आतंकवाद को एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं और आतंकियों को पनाह दे रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि ऐसे दोहरे मापदंड को खत्म करना बेहद जरूरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए। रक्षा मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत शांति का समर्थक है, लेकिन आतंकवाद और शांति साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्होंने अन्य सदस्य देशों से भी आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की अपील की।

## अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला का 'नमस्कार' कहा- ऐसा लग रहा जैसे बच्चे की तरह चलना सीख रहा हूं



**नई दिल्ली,** 26 जून (न्यूज चैनल)। अंतरिक्ष से अपने पहले कॉल में भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने बुधवार के प्रक्षेपण के अनुभव को याद किया। उस पल को ताजा करते हुए इस अनुभव को अवर्णनीय बताया। अंतरिक्ष से 'नमस्कार' के साथ अभिवादन करते हुए शुभांशु शुक्ला ने कहा कि उन्हें शून्य गुरुत्वाकर्षण की आदत हो रही है। उन्होंने कहा, मैं अभी भी शून्य गुरुत्वाकर्षण की आदत डाल रहा हूं, जैसे कोई बच्चा चलना सीख रहा हो, यह पता लगा रहा हो कि कैसे आगे बढ़ना है और खुद को संभालना कैसे है। मैं वास्तव में हर पल का आनंद ले रहा हूं। शुभांशु शुक्ला ने पृथ्वी की कक्षा में अपने अनुभव को अवास्तविक और मजेदार बताया।

लाइव कॉल में शुभांशु शुक्ला ने यह भी कहा कि यह मिशन भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम और आगामी गगनयान मिशन के लिए एक मजबूत कदम है। भारतीय तिरंगा देखकर मुझे याद आया कि आप सभी इस यात्रा में मेरे साथ हैं। यह भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम और आगामी गगनयान मिशन के लिए एक मजबूत कदम है। मैं चाहता हूं कि आप में से हर कोई इस मिशन का हिस्सा महसूस करे। यह केवल तकनीकी महत्वाकांक्षा के बारे में नहीं है। यह पूरी यात्रा के पीछे की भावना और उद्देश्य के बारे में है। अगले 14 दिनों में मेरा लक्ष्य प्रमुख कार्यों को पूरा करना और अपने अनुभवों को कैद करना है, ताकि मैं उन्हें आप सभी के साथ साझा कर सकूं।